# सरकारी स्कूल हो गया जलमग्न

## तालाब बना खेल मैदान, सांप-बिच्छुओं के डर के बीच पढ़ने को मजबूर मासूम



### जर्जर भवन बन सकता है खतरे का कारण

विद्यालय भवन की स्थिति भी अत्यंत दयनीय है। कई कक्षाओं की छत का प्लास्टर टूटकर गिर चुका है, जबकि बरसात के दौरान छतों से लगातार पानी टपकता रहता है। दीवारों में दरारें और नमी स्पष्ट दिखाई दे रही है। ऐसे हालात में कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों और अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय की समस्याओं को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन आज तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। उनका कहना है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ग्रामीणों ने तत्काल जल निकासी, भवन मरम्मत और अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति की मांग की है। क्या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जागेगा प्रशासन, या फिर मासूम बच्चों को सुरक्षित शिक्षा का अधिकार समय रहते मिल पाएगा?

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र ।** विकासखंड के ग्राम कोगावां स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय की बदहाल स्थिति ने सरकारी शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर कर दिया है। लगातार हो रही बारिश के बाद विद्यालय परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया है। हालात इतने खराब हैं कि स्कूल का खेल मैदान अब खेल मैदान नहीं, बल्कि तालाब में तब्दील हो चुका है।

परिसर में जगह-जगह पानी जमा होने से बच्चों को सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जीव-जंतुओं के साये में पढ़ाई करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। विद्यालय में अध्ययनरत मासूम बच्चों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। स्कूल परिसर, किचन शेड, प्रवेश मार्ग और खेल मैदान में कई दिनों से पानी भरा हुआ है, जिससे बच्चों और शिक्षकों के सामने हर दिन दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को स्कूल भेजते समय हमेशा डर बना रहता है कि कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए। विद्यालय का खेल मैदान पूरी तरह जलमग्न हो चुका है। जहां बच्चों की किलकारियां और खेल गतिविधियां गूंजनी चाहिए थीं, वहां अब बरसाती पानी भरा हुआ है। मैदान में जमा पानी के कारण मच्छरों और कीट-पतंगों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। बच्चों की शारीरिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो चुकी हैं।

**पांच कक्षाएं और सिर्फ एक शिक्षक:-** शासकीय प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पहली से पांचवीं तक 20 विद्यार्थियों का नामांकन है, लेकिन पूरे विद्यालय की जिम्मेदारी एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रही है। एक ही शिक्षक द्वारा सभी कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। जब शिक्षक को विभागीय बैठक, प्रशिक्षण, विधानसभा ड्यूटी या अन्य शासकीय कार्यों में जाना पड़ता है, तब विद्यालय बंद करना पड़ता है। इससे बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है और शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियां उजागर हो रही हैं।

**दूषित पानी से बढ़ा बीमारी का खतरा:-** विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था केवल एक हैंडपंप के माध्यम से है, लेकिन बारिश के कारण हैंडपंप के आसपास भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदा पानी हैंडपंप क्षेत्र तक पहुंच रहा है, जिससे बच्चों को दूषित पानी पीने का खतरा बना हुआ है। आश्चर्यजनक रूप से आज तक यहां न तो सोख्ता गड्ढा बनाया गया और न ही जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था की गई।

# शासकीय पॉलिटेक्निक की बाउंड्रीवॉल का दोबारा होगा नवनिर्माण, बनी सहमति



नवभारत न्यूज

**सनावद, निप्र ।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सनावद में सी.जी.प्रकोल्य, प्राचार्य द्वारा संस्था के विकास एवं सेवा भर्ती नियम 2004 के अंतर्गत संस्था में पदस्थ व्याख्याताओं के स्थापना सम्बंधी अनुमोदन हेतु जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भव्या मित्तल कलेक्टर जिला खरगोन एवं संचालनालय तकनीकी शिक्षा से सतत सम्पर्क कर जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित कराई गई। जनभागीदारी समिति के अंतर्गत दिनांक 01/07/2026 को प्रबंध समिति एवं दिनांक 02/07/2026 को सामान्य परिषद की बैठक आहूत हुई । सर्वप्रथम प्रबंध समिति की बैठक अध्यक्ष जनभागीदारी द्वारा मनोनित सत्यनारायण दर्रो एस.डी.एम. बड़वाह की अध्यक्षता में अयोजित की गई।

बैठक में समिति के सभी सदस्य डॉ. अभिरूचि सिंह उपाध्यक्ष, अनुविभागीय अधिकारी (पीडब्ल्यूडी) द्वारा मनोनित प्रतिनिधि प्रवीण सोलंकी, संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र कुमार कारोले और यशवंत मण्डलोई, आर.एस. सिसोदिया प्राचार्य शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय हरसूद आर.जी.पी.व्ही. प्रतिनिधि, दानदाता हेमेन्द्र जैन उपस्थित हुए । प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की समिति द्वारा समीक्षा की गई। समिति ने प्रस्तुत प्रस्तावों की अनुमोदन के लिए सर्वसम्मति से अनुशंसा की।

इसके बाद जनभागीदारी अध्यक्ष और कलेक्टर की अध्यक्षता में सामान्य परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि राजेश पाल, विधायक सचिन बिरला द्वारा मनोनित प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल, दानदाता हेमेन्द्र जैन, अभिभावक जितेन्द्र नरिया और कलाबाई देवड़े, पूर्व छात्र आशीष जायसवाल और शुभम शर्मा उपस्थित हुए ।

परिषद की बैठक में प्रबंध समिति द्वारा अनुशंसित प्रस्तावों की समीक्षा की गई एवं निम्नलिखित निर्णय लिए गये ।निर्णय में समिति ने सर्वसम्मति से स्थापना सम्बंधी, संस्था की सुरक्षा के लिए बाउन्ड्रीवाल का नवनिर्माण, संस्था और बालक छात्रावास भवनों की मरम्मत के साथ ही कुएं की प्रोटेक्शन वॉल इत्यादि प्रस्तावों के अनुमोदन किए। इसके साथ ही अगली बैठक में संस्था एवं विद्यार्थी हित के लिए नये प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए । प्राचार्य द्वारा उक्त आयोजित बैठकों में उपस्थित सभी महानुभावों का स्वागत किया एवं बैठक पश्चात सधन्यवाद आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यवाही में संस्था के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## एक नजर में

### आबकारी टीम ने पल्सर मोटरसाइकिल से अवैध शराब तस्करी करते आरोपी को किया गिरफ्तार



**सनावद, निप्र ।** कलेक्टर भव्या मित्तल के आदेश पर सहायक आयुक्त आबकारी बृजेन्द्र कोरी के निर्देशानुसार तथा नियंत्रण कक्ष प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री सजेंद्र मोरी के मार्गदर्शन में वृत्त सनावद के आबकारी दल द्वारा आज दिनांक 03 .07 .2026 को धनगांव हीरापुर मार्ग पर एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल, क्र .MP10ZE5109 नं . प्लेट लगी हुई, से अवैध मदिरा परिवहन की विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन की घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया ।आबकारी दल की घेराबंदी देख उक्त वाहन का चालक मौके से फरार हो गया व पीछे बैठा आरोपी मौके पर गिरफ्तार किया गया। समक्ष पंचान विधिवत तलाशी लेने पर उक्त वाहन व व्यक्ति से कुल 56 .14 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बरामदगी पर वृत्त प्रभारी शिवम चौरसिया,आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म . प्र . आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।कार्यवाही में जप्त मदिरा व परिवहन में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1,50,000/- रूपये है ।उक्त कार्रवाई में आरक्षक प्रजोत चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।

### प्रसव के बाद महिला की मौत पर बरपा हंगामा परिजनों ने उपचार में लापरवाही का लगाया आरोप

**खरगोन, निप्र ।** जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में शनिवार दोपहर हंगामा हुआ। यहां एक प्रसूता की प्रसव के बाद अचानक मौत होने से परिजन आक्रोशित हो गए। परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी रहा। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मेटरनिटी वार्डमें प्रसव के लिए भर्ती कराई गई, रुखा पति दिनेश बामनिया की शनिवार दोपहर 12 .40 बजे प्रसव के बाद मौत हो गई। मृतिका के पिता नवलसिंग ने बताया कि उनकी बेटी का पहला प्रसव था। रुखा ने करीब 12 बजे बच्चे को जन्म दिया ।जन्म के बाद बच्चे को आईसीयू में रखा गया। इस दौरान रुखा स्वस्थ थी, उसने अपनी सास से बात भी की ।परिजनों का आरोप है कि प्रसूता को दिए गए उपचार की कोई जानकारी नहीं दी गई। न ही सोनोग्राफी रिपोर्ट भी बताई गई। पुलिस की मौजूदगी में आक्रोशित परिजनों ने दो बार प्रसव कक्ष में प्रवेश का प्रयास किया। सिविल सर्जन राजकुमारी देवड़ा ने बताया प्रसव के बाद रुखा की स्थिति सामान्य हालत थी ।करीब आधे घंटे बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और घबराहट के बाद उसकी मौत हो गई।

### मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के अंतर्गत वैष्णो देवी यात्रा के लिए 29 हितग्राही रवाना

**खरगोन, निप्र ।** म.प्र. शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ योजनांतर्गत खरगोन नगरपालिका निकाय क्षेत्र के 29 हितग्राहियों को 03 जुलाई को दोपहर 01 बजे वैष्णो देवी दर्शन यात्रा के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आकांक्षा अग्रवाल, एसडीएम श्री सत्येंद्र बैरवा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी एवं उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा ने हरी झंडी दिखाकर हितग्राहियों को शुभकामनाओं सहित विदा किया ।यात्रा कार्यक्रम के अनुसार सभी हितग्राही खरगोन से बस द्वारा खंडवा पहुंचेंगे, जहां से वे रेल मार्ग से वैष्णो देवी धाम के लिए प्रस्थान करेंगे ।यात्रा के दौरान हितग्राही शहर की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना करेंगे ।समस्त हितग्राही 08 जुलाई को वैष्णो देवी से पुन: खरगोन के लिए प्रस्थान करेंगे ।इस अवसर पर पार्षद श्री भागीरथ बड़ोले, श्री संतोष वर्मा, श्री महेश वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि श्री सुमित चंदेल तथा श्री ललित राठौर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### हॉकी खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर में टैलेंट आइडेंटिफिकेशन

**खरगोन, निप्र ।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, खरगोन द्वारा संचालित हॉकी खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर के अंतर्गत प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन के लिए टैलेंट आइडेंटिफिकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।यह चयन प्रक्रिया 12 जुलाई 2026 को प्रात: 07 :00 बजे से स्टेडियम मैदान, खरगोन में आयोजित की जाएगी। हॉकी खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर के लिए इस चयन प्रक्रिया में कुल 20 बालक एवं 20 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। सेंटर के लिए खिलाड़ियों की आयु सीमा 12 से 18 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित खिलाड़ियों को राज्य शासन की योजनाओं के अंतर्गत नि:शुल्क खेल प्रशिक्षण एवं आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने के इच्छुक खिलाड़ियों को आयु प्रमाण-पत्र, स्थायी निवासी प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। चयन संबंधी अधिक जानकारी के लिए श्री राकेश आथनकर (हॉकी प्रशिक्षक) से मोबाइल नंबर 7869128513 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बड़वाह में शौर्य स्मारक निर्माण की मांग, नपाध्यक्ष को ज्ञापन सौपा



**बड़वाह, निप्र ।** भारतीय सैनिकों की प्रादेशिक समिति एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी म. प्र. द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता को पत्र के माध्यम से ज्ञापन दिया गया। जिसमें निवेदन किया गया कि ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित भव्यतम शौर्य स्मारक का निर्माण बड़वाह नगर में किया जाए।

ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी भारतीय सेना के त्याग एवं बलिदान की गाथा को निरंतर याद करें एवं उससे जनमानस को भी निरंतर प्रेरणा मिलती रहे। राष्ट्र भक्ति का यह शौर्य स्मारक भारतीय सेना के लाखों जवानों को सम्मान प्रदान करेगा। ज्ञापन प्रेषित करने के अवसर पर सोसाइटी की ओर से सूबेदार शेर सिंह, सूबेदार जगदीश कुमार, हवलदार योगेंद्र ठाकुर ,हवलदार सोहन सिंह चौहान एवं जिला सह प्रभारी हवलदार मनमोहन पाल उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष आश्वत किया गया कि शीघ्र ही इस दिशा में काम करते हुए एवं बड़वाह नगर में एक भव्य शौर्य स्मारक का निर्माण अवश्य किया जाएगा।

# एससी-एसटी छात्रावास में ई-लाइब्रेरी का एनटीपीसी ने किया लोकार्पण

**खरगोन, निप्र ।** कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत समावेशी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए एनटीपीसी खरगोन ने लगभग 65 लाख की लागत से विकसित अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रावास, खरगोन में किया। इस अवसर पर बालकृष्ण पाटीदार, विधायक, खरगोन और मोहन वी., बिजनेस यूनिट हेड, एनटीपीसी खरगोन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में छाया जोशी, बापूसिंह परिहार, भोलू कर्मा, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, खरगोन और कविता आर्य, सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। एनटीपीसी खरगोन की सीएसआर पहल के अंतर्गत स्थापित इस आधुनिक ई-लाइब्रेरी का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को डिजिटल शिक्षा संसाधनों एवं उन्नत अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना है। इस सुविधा में अध्ययन हेतु टेबल, कुर्सियाँ, डेस्क, स्टील अलमारियां, समाचार-पत्र स्टैंड, पुस्तक रैक, कंप्यूटर, डिजिटल डिस्प्ले सिस्टम, माइक्रोफोन सहित ऑडियो व्यवस्था, पुस्तकों एवं ई-पुस्तकों का समृद्ध संग्रह तथा अन्य आवश्यक शैक्षणिक संसाधनों की समुचित व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम में मोहन वी. ने कहा कि एनटीपीसी खरगोन शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना विकसित करने तथा वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के बीच डिजिटल अंतर को कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ई-लाइब्रेरी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, नवाचार और शैक्षणिक उत्कृष्टता का एक सशक्त केंद्र सिद्ध होगी तथा उन्हें अपने सपनों को साकार करने और समाज के विकास में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी।

# शिक्षा सत्र शुरु होते ही प्रोफेसरों ने पकड़ी आंदोलन की राह



**खरगोन, निप्र ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में नया शिक्षा सत्र शुरु होते ही प्राध्यापकों ने आंदोलन की राह अख्तियार कर ली है। तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव मनाकर विद्यार्थियों का स्वागत-सत्कार कर कॉलेज की व्यवस्थाओं से रुबरु कराया जा रहा था, तो वही दूसरी और प्राध्यापक अपनी 6 सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करा रहे है। हालांकि इस आंदोलन का कोई असर नही है, केवल ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है।

प्रांतीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. डीएस बामनिया ने बताया कि संघ की विभिन्न मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिनके निराकरण के लिए कई बार शासन और उच्च शिक्षा विभाग के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत किए जा चुके हैं। संघ की प्रमुख मांगों में वर्ष 2004-05 के चयनित सहायक प्राध्यापकों को परीक्षा वर्ष के आधार पर नियुक्ति तिथि का लाभ प्रदान करना, करियर एडवांसमेंट योजना के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, 2028 तक आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं अर्जित करने का अवसर देना, खेल अधिकारियों को सहायक प्राध्यापक, एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर के समकक्ष पदनाम एवं सुविधाएं प्रदान करना, सेवानिवृत्ति 65 वर्ष करना व सातवें वेतनमान से संबंधित लंबित लाभ उपलब्ध कराना शामिल हैं।

# स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास विभाग का संयुक्त निरीक्षण



**खरगोन, निप्र ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलतसिंह चौहान, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री संजय भारद्वाज तथा जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी अरविंद वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र इदारतपुरा एवं उप स्वास्थ्य केंद्र उबदी का निरीक्षण किया गया।

टीकाकरण से एक दिवस पूर्व तैयार की जाने वाली ड्यू-लिस्ट की जांच की गई। ड्यू-लिस्ट के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्र उबदी में 19 गर्भवती माताएं पंजीकृत पाई गईं, जबकि अनमोल पोर्टल पर 18 का ही पंजीयन दर्ज था। इस पर शेष 01 गर्भवती माता का पंजीयन अनमोल पोर्टल पर शीघ्र कराने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग की ड्यू-लिस्ट अनुसार 12 बच्चों का टीकाकरण निर्धारित था, जिनका टीकाकरण सफलतापूर्वक किया गया। आंगनवाड़ी केंद्र इदारतपुरा में ड्यू-लिस्ट के अनुसार 13 बच्चों एवं 04 गर्भवती माताओं का टीकाकरण किया गया। निरीक्षण के समय उप स्वास्थ्य केंद्र उबदी में भारती निगवाल (एएनएम), संगीता धनगर (सीएचओ), आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहकर सेवाएं प्रदान कर रहे थे। इसी तरह आंगनवाड़ी केंद्र इदारतपुरा में सपना राठौड़ (एएनएम), कोमल पाटीदार (सीएचओ), आशा, आशा सहयोगी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका एवं सुपरवाइजर की उपस्थिति में कार्य संपादित किया गया। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों द्वारा टीकाकरण, पंजीयन एवं सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निर्देश दिए।

# कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर भाजपा को बेनकाब करें : उषा नायडू



**खरगोन, निप्र ।** संगठन सृजन के तहत वार्ड एवं पंचायत स्तर तक कांग्रेस कमेटीयो का गठन करने के बाद अब कांग्रेस संगठन कार्यकर्ताओ के साथ सड़कों पर उतरकर भाजपा की जन विरोधी नीतियों का पुरजोर तरीके से विरोध करें ।यह बात जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश की सह प्रभारी उषा नायडू ने कही ।उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ बोलकर के सत्ता में आई है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है, कि भाजपा को बेनकाब करें। उन्होंने संगठन सृजन के अगले चरण में ब्लॉक, मंडलम, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर बैठक आयोजित करने पर जोर दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने कहा कि 11 एवं 12 जुलाई को मंडलम एवं ब्लॉक अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। पूर्व विधायक और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रवि जोशी ने कहा कि हमारा लक्ष्य सबसे पहले नगर पालिका, नगर परिषद एवं ग्राम पंचायत चुनाव होना चाहिए ।यदि हम नगर पालिका ग्राम पंचायत के चुनाव जीतेंगे तो निश्चित तौर पर हम विधानसभा लोकसभा के चुनाव में भी विजय हासिल करेंगे। भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी, भगवानपुरा विधायक केदार डावर, पूर्व मंत्री विजयलक्ष्मी साधौ ने भी संबोधित किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, जिले के मंडलम अध्यक्ष, पंचायत एवं वार्ड कमेटी के अध्यक्ष सहित कांग्रेसी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### शुभ मुहूर्त में की गई प्रतिष्ठा, बड़ी संख्या में शामिल हुए समाजजन

# चल समारोह के साथ प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू, लगी बोलिया



नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र ।** नगर के श्वेतांबर जैन समाज के प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत जुलूस के साथ हुई। जुलूस के पश्चात भक्तों ने बोलिया लेकर धर्मलाभ लिया। दो दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत भव्य जुलूस के साथ हुई। प्रतिष्ठा महोत्सव के लाभार्थी अशोक लूणीया के निवास से जुलूस निकला। जो दादावाड़ी पहुंचा। दादावाड़ी में जुलूस का भव्य स्वागत किया गया।

मुनि श्री विद्दरतनविजयजी मसा द्वारा अपनी मधुर वाणी से उपस्थितजन समुदाय को प्रवचन दिए। गुरु प्रवचनों के साथ बोलिया लगाई गई। जिसमें पुण्य सम्राट श्रीमद्विजय जयंतसेनसुरीश्वर मसा को विराजित करने की बोली अशोक चांदमल लूणीया परिवार ने, मणिभद्र स्वामी को विराजित करने की सुरेशचंद लूणीया एवं प्रेमराज परिवार ने, सिद्ध चक्र पर स्थापना की बोली सुनील कवाड़ एवं अधिष्ठायक जी को विराजमान करने की बोली अमित तिलोकचंद कवाड़ ने ली। प्रतिष्ठा महोत्सव के संपूर्ण आयोजन के लाभार्थी अशोक चांदमल लूणीया परिवार है। आयोजन में जैन श्वेतांबर श्रीसंघ, श्रीराजेंद्रसूरी दादावाड़ी ट्रस्ट, महिला मंडल, बहु मंडल, नवयुवक मंडल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। दो दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन रविवार 5 जुलाई को शुभ मुहूर्त में भव्य प्रतिष्ठा होगी ।प्रतिष्ठा महोत्सव पट्टप्रभावक, गच्छाधिपति, श्री मद्विजय नित्यसेनसुरीशवर म सा के साथ मुनिश्री सिद्धरत्नविजय जी मसा, मुनिश्री विद्दरतनविजय जी मसा, मुनिश्री प्रशमसेनविजय मसा, मुनिश्री अजितसेनविजय मसा, मुनिश्री तारकरत्नविजय मसा, मुनिश्री निर्भयरत्नविजय जी मसा, मुनिश्री अध्यात्मसेनविजय जी मसा, मुनिश्री अर्हमरोजविजय जी मसा के परम सानिध्य में होगा। प्रतिष्ठा महोत्सव व गुरु भगवंतो के आगमन से पूरा वातावरण धर्ममय हो गया है।

# नदी- नालों में आया बारिश का पानी पर्यटकों को आकर्षित कर रहे झरने

**खरगोन, निप्र ।** जिले में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। पिछले एक सप्ताह से कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का दौर जारी है। निचले इलाकों सहित पहाड़ी क्षेत्र में रोजाना बारिश होने से नदी-नाले उफान पर आ गए है।



पहाड़ी क्षेत्रों में बहने वाले प्राकृतिक झरने भी पूरे शबाब पर बहते हुए पर्यटकों को आकर्षित कर रहे है। भू-अभिलेख विभाग के अनुसार 4 जुलाई तक गत वर्ष के मुकाबले एक इंच अधिक बारिश दर्ज की गई है। गत वर्ष जिले में मानसून सत्र के दौरान 4 जुलाई तक 6.3 इंच बारिश दर्ज की गई थी, जबकि इस वर्ष 4 जुलाई तक 7. 3 इंच वर्षा दर्ज की जा चुकी है। शनिवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, रुक-रुककर बारिश भी हुई, लेकिन उमस से राहत नही मिल रही है। लोग अब भी मौसम में ठंडक घुलने का इंतजार कर रहे है। हालांकि बादल छाए रहने से मौसम सुहावना हो गया है।